




एक नजर में



### मंत्री पटेल ने नर्मदा घाट पर चल रहे कार्य का किया निरीक्षण

**बुधनी.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम जोशीपुर में गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर चल रहे पुनर्निर्माण एवं नवसंवार कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अभी तक की कार्य प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि संगम स्थलों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के कार्य नियमित रूप से जारी रखें. उन्होंने लोगों से अपील की कि जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर. उन्होंने कहा कि नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवनरेखा हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हमारा दायित्व है.



### डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण के लिए बैठक में दिए निर्देश

**भैरूंदा.** विश्व मलेरिया दिवस पर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों को गति देने के लिए सिविल अस्पताल में बैठक आयोजित की गई. बैठक में डेंगू प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव शामिल हुए. बैठक के दौरान मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण, स्वच्छता अभियान सहित अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे ने बताया घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें. सरपंच और सचिव अपने स्तर पर ग्रामीणों को हर रविवार–डेंगू पर वार जैसे जागरुकता अभियानों से जोड़ें.



### विशेष स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं का किया परीक्षण

**सीहोर.** शासकीय कन्या महाविद्यालयमें छात्राओं एवं महिला स्टाफ के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम नियुक्त की गई. टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सायमा सुल्ताना, परामर्शदाता ममतेश राठौर, नर्सिंग अधिकारी अलका बामने, देवेन्द्र हजारे व अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे.



### टोल प्लाजा पर राहगीरों को वितरित किया ग्लूकोज

**अमलाहा.** डीबीसीपीएल के टोल प्लाजपर सीएसआर प्रबंधन टीम द्वारा ` बाइकर्स एवं अन्य वाहन चालकों को न केवल प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गई, बल्कि उन्हें ग्लूकोज पिलाकर राहत भी दी गई. कायक्रम का संचालन टोल मैनेजर बिरेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में किया गया.




### जेल में कैदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**सीहोर.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया. शिविर का शुभारंभ उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा ऑनलाइन किया गया. स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान जिला चिकित्सालय के विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा जेल के 259 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई. शिविर में बंदियों की आंख, रक्त मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी जांच की गई. प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने कहाशिविर का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं विधिक सेवा योजनाओं का लाभ प्रदान करना है. उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु बनाये गये काउंटर एवं महिला बैरकों का निरीक्षण किया तथा बंदियों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के निर्देश दिए सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह कहा कि किसी व्यक्ति के लिए पहला सुख है निरोगी काया और इसी उद्देश्य से यह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने जेल लोक अदालत, प्ली बारगेनिंग एवं विधिक सहायता एवं सलाह योजना के बारे में विस्तार से बताया. शिविर में पैनल अधिवक्ताओं तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा बंदियो के प्रकरणों में पेशियों तथा अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया. साथ ही बंदियों से अपील प्रस्तुति के सम्बंध में जानकारी ली गई। भैरूंदा सब जेल में भी कुल 90 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव, जेलर अक्षय सिंहोतके, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स शरद जोशी, आसिफ खान, राजेन्द्र कुशवाह, एकता सेन, संयोगिता सोलंकी, पैनल लॉयर्स आदि उपस्थित रहे.

# त्रिस्तरीय जांच के बाद ही कर सकेंगे प्रवेश

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन आज मुख्यालय के सात केन्द्रों पर होगा



**सीहोर.** रविवार को होने वाली पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिए बने केन्द्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 अप्रैल. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जाएगी. परीक्षा दो सत्रों में होगी पहला सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित होगा. जिला मुख्यालय पर बनाए गए 7 परीक्षा केंद्रों पर कुल 1994 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे.**

इस बार परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और नकलरहित बनाने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा

- **कड़ी सुरक्षा के साए में आज पीएससी प्रारंभिक परीक्षा**
- **अभ्यर्थी को 90 मिनट पहले पहुंचना होगा अनिवार्य**

व्यवस्था लागू की गई है. अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से 90 मिनट पहले पहुंचना अनिवार्य किया गया है. प्रवेश से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी की हैंड मेटल डिटेक्टर से जांच होगी, इसके बाद बायोमेट्रिक सत्यापन और फेस ऑथेंटिकेशन किया जाएगा. सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद रोल नंबर कार्ड पर विशेष स्टीकर लगाया जाएगा, जिसके आधार पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा. अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर ई-प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र, निर्धारित काले या नीले बॉल पेन, पासपोर्ट साइज फोटो (यदि आवश्यक हो) और पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को उनके लिए निर्धारित आवश्यक सामग्री साथ ले जाने की छूट रहेगी.

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्रीमती स्वाति मिश्रा तथा तहसीलदार भरत नायक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पंखों की उपलब्धता सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कुल मिलाकर, इस बार पीएससी परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है.

### केन्द्रों पर पुख्ता इंतजाम, हर गतिविधि पर रहेगी नजर

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी की गई है. सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव मॉनिटरिंग पीएससी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से की जाएगी. किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के लिए कंट्रोल रूम और परीक्षा केंद्रों के बीच सीधा संपर्क स्थापित किया गया है. इसके अलावा केंद्रों पर बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, सफाई, पेयजल, पंखे, शौचालय, बिजली एवं जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस कंट्रोल रूम और चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी.

### इन वस्तुओं पर रहेगा पूर्णत: प्रतिबंध

परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए कई वस्तुओं को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है. अभ्यर्थियों को जूते-मोजे पहनकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, वे केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही आ सकेंगे. इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी, बेल्ट, पर्स, वॉलेट, धूप का चश्मा, टोपी, क्लचर, मेटल या चमड़े के बैंड, व्हाइटनर, पेंसिल और रबर जैसी सामग्री ले जाना वर्जित रहेगा. इसके साथ ही चेहरा ढंककर प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा. हालांकि धार्मिक प्रतीकों जैसे हिजाब, पगड़ी, ताबीज या धागों का सम्मानपूर्वक सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा, लेकिन इन्हें हटाने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा. महिलाओं के आभूषण भी नहीं उतरवाए जाएंगे.

### मुख्यालय के इन केन्द्रों पर होगी परीक्षा

जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1, महारानी लक्ष्मीबाई उमावि, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और शासकीय कन्या महाविद्यालय शामिल हैं. इन सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं.

## धारदार हथियार से छह लोगों पर हमला



**रेहटी.** थाना क्षेत्र में बीती रात बस स्टैंड के पास स्थित राकेश चौहान की पान-बेकरी दुकान पर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. शराब के नशे में एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर छह लोगों को घायल कर दिया. घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी अनिल पिता धूलुसिंह चौहान (25) निवासी रेहटी की रिपोर्ट पर आरोपी प्रतीक पालीवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. बताया जा रहा है कि आरोपी ने नशे की हालत में झगड़ा करते हुए फरियादी और उसके साथियों पर नुकीले कटर से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में अनिल चौहान (25), राकेश चौहान (46), राजेश चौहान (50), अंकित चौहान (29), धर्मेंद्र चौहान (45) सभी निवासी रेहटी तथा वीरेंद्र पिता श्यामसिंह राजपूत (30) निवासी डोलरिया, नर्मदापुरम शामिल हैं. घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भोपाल रेफर किया गया है. अनिल चौहान को प्रारंभ में मधुबन अस्पताल, बुधनी में भर्ती कराया गया था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

## नारी शक्ति वंदन के तहत किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 अप्रैल.** अनुभाग के अन्तर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा पूजा शर्मा द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रिया के विषय में अवगत कराया गया साथ ही आत्म सुरक्षा को आवश्यक सुझाव और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी तथा साइबर अपराध के संबंध में जानकारी प्रदान की गई.

कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक संजय पाठक, आरक्षक शुभम रघुवंशी, आरक्षक कुलदीप विश्वकर्मा, आरक्षक दीपक उपस्थित रहे. अनुभाग आष्टा के अंतर्गत थाना जावर में शासकीय महाविद्यालय जावर में उप निरी सन्तोष सिहं विश्वकर्मा ने समाज मे पुलिस की भूमिका, पुलिस की कार्यशैली, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा एवं जागरूकता के पहलुओं पर जानकारी दी. पुलिस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा ओर सशक्त वातावरण प्रदान करने को लेकर चर्चा की गई. विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं डिजिटल सतर्कता के बारे में जागरूक किया. द्वितीय वक्ता आरक्षक राहुल सूर्यवंशी ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव एवं उससे जुड़े जोखिमों पर विस्तार से प्रकाश डाला.

## फायर फाइटर टैंकरों की मदद से आग पर पाया काबू

- **जुगराजपुरा के जंगल में लगी थी भीषण आग**
- **विधायक राय द्वारा प्रदान किए गए टैंकर आ रहे काम**

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 अप्रैल.** सीलखेड़ा पंचायत क्षेत्र के जुगराजपुरा के जंगल में अचानक शुक्रवार दोपहर में आग लग गई. जंगल से उड़ते धुएं और आग ने किसानों को चिंता में डाल दिया.

विधायक सुदेश राय ने सूचना मिलते ही जंगल में लगी आग की घटना को गंभीरता से लिया और नपा अग्निशमन विभाग सहित सुआखेड़ी सरपंच सुलोचना दांगी और अजमत नगर के सरपंच को मौके पर फायर फाइटर टैंकर भेजने के लिए कहा. सही समय पर मौके पर पहुंचे फायर फाइटर टैंकरों और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

किसानों ने इस प्राकृतिक आपदा की सूचना तत्काल विधायक सुदेश राय को मोबाइल के माध्यम से दी. भीषण गर्मी के कारण विधानसभा क्षेत्र के जंगलों और खेत खलियानों में आग का असर दिखाई दे रहा है. विधायक सुदेश राय ने आग लगने की घटनाओं से निपटने के लिए क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायत को फायर फाइटर टैंकरों को दुरुस्त रखने और पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने आग बुझाने के सभी इंतजाम बनाए रखने क्षेत्र में नागरिकों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था करने और कहीं भी आग लगे की तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को सूचना देने के निर्देश दिए हैं.




## कोलार नदी में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**रेहटी.** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सतराना के पास कोलार नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से नदी से शव को बाहर निकाला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शव ग्राम सतराना स्थित कोलार नदी के पुल के नीचे मिला है, जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है. फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है. करीब के थानों को भी सूचना दी गई है.

## 21 कुंडीय महायज्ञ के समापन पर उमड़ा जनसैलाब



- **सात दिन से बस स्टैंड क्षेत्र का माहौल धर्ममय बना रहा**
- **समापन दिवस पर विशाल भंडारे का किया आयोजन**

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 अप्रैल.** शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था। इसके अंतिम दिवस देव पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति के पश्चात दोपहर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया.

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की. इस मौके पर यज्ञ संचालक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा, समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, पंडित अनिल शर्मा के द्वारा यहां पर आए संतों और महंतों का स्वागत और सम्मान किया. शनिवार को कथा दोपहर में आरंभ की इस मौके पर कथा व्यास डॉ. प्रज्ञा भारती ने कहाकि माता पिता के दिए वचन और गुरु के आदर्शों पर चल कर भगवान श्रीराम आदर्श पुरुषोत्तम राम कहलाए. भगवान राम के आदर्श को अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकते हैं. डॉ. भारती ने कहा अब तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में मंदिरों का जीर्णोद्धार करने वाले पंडित श्री कटारे बाबा भगवान की सेवा का कार्य का सबसे बड़ा उदाहरण है.

यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा ने कहा कि ध्यान से परमात्मा की प्राप्ति संभव है. ध्यान से पाप का नाश होता है. जीवन चक्र के संचित पाप को ध्यान के माध्यम से मिटाया जा सकता है. ध्यान के बाद अंदर से अग्नि प्रज्वलित होगी, जो संचित पाप को जलाकर भस्म कर देगी. सत्संग के प्रभाव से मनुष्य में बुरे कर्मो को त्यागने की प्रवृति जागृत होती है। अच्छे कर्मों से अच्छा तथा बुरे कर्मों से बुरा फल प्राप्त होता है। इसलिये हर मनुष्य को बुरे कर्मों का त्याग कर अच्छे कर्म करना चाहिए.


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता की भूमि ग्राम पाटन तहसील राजस्व निरीक्षक मंडल 02 विकास खण्ड दोराहा जिला सीहोर (म.प्र.) स्थित पटवारी हल्का नं. सीहोर में स्थित भूमि, जिसे सुविधा की दृष्टि से संपत्ति के नाम से संबोधित किया गया है का क्रय किया है। उक्त भूमि खसरा क्रमांक 1054/30 कुल रकबा 0.4050 हैक्टेयर में से विक्रय रकबा 10,000 (दस हजार) वर्गफुट भूमि का विक्रय दिनांक 25/ 4/ 2026 को अनुबंध पत्र के माध्यम से किया गया है। उक्त संपत्ति का सौदा कर 50,000 (पचास हजार रूपए) बतौर बयाना राशि विक्रेता द्वारा प्राप्त कर ली गई है। अत: यदि उक्त संपति के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक या अन्य किसी का कोई अधिकार दावा बंधक ऋण या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा, निर्धारित समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की अपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त संपत्ति का विक्रय एवं पंजीयन विधिवत संपन्न कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबधित पक्षकार की होगी। कृप्या सूचित हो।

भवदीय
ओ.पी. चौरसिया
अधिवक्ता सीहोर
मो. 9826742428






